# गणिवर्य के साथ करीब 17 किलोमीटर चलकर विदा किया



गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर व मुनि वृंद विहार कर नाल में दादाबाड़ी पहुंचे।

- मेहुल प्रभ सागर व मुनि वृंद का विहार, नाल में दादाबाड़ी दर्शन वंदन
- रविवार सुबह गजनेर, कोलायत व बाप की ओर विहार करेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर व बाल मुनि मीत प्रभ सागर शनिवार को डागा सेठिया, पारख चौक के महावीर भवन से फलौदी के लिए शनिवार को विहार किया।

उन्होंने मुरलीधर व्यास कॉलोनी बाड़मेर के भूरचंद भंसाली निवास होते हुए नाल गांव स्थित दादाबाड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने मुनिवृंद व श्रावक-श्राविकाओं के साथ दादा गुरूदेव जिन कुशल सूरिश्वर की दादाबाड़ी में दर्शन वंदन किए तथा बीकानेर से 17 किलोमीटर दूर वरिष्ठ श्रावक एन.सी.एक्सपोर्ट कंपनी (ऊन मील) परिसर पहुंचे। वहां से रविवार सुबह गजनेर, कोलायत व बाप की मार्ग पर विहार करेंगे।

गणिवर्य के साथ खरतरगच्छ युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल सुराणा, उपाध्यक्ष कमल सेठिया, कोषाध्यक्ष अनिल पारख, राकेश बांठिया, खरतरगच्छ युवक परिषद के नरेन्द्र पूगलिया, महावीर नाहटा, राकेश बांठिया, गौरव सावनसुखा, धर्मेन्द खजांची, कपिल भंसाली सहित केयूप के अनेक सदस्य, गोचरी व वैयावच सेवा के प्रभारी लवलीन पारख, ज्ञान वाटिका प्रभारी सुनीता नाहटा, विहार व अनेक बालक-बालिकाओं ने गणिवर्य के साथ करीब 17 किलोमीटर चलकर विदा किया।

खरतरगच्छ युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि महावीर भवन से मुरलीधर व्यास नगर तक खरतरगच्छ युवक परिषद, खरतरगच्छ महिला परिषद, ज्ञान वाटिका के बालक बालिकाओं व विचक्षण महिला मंडल की सदस्याओं, साध्वी दीपमाला, शंखनिधि, चातुर्मास में सेवाएं देने वाले उदासर के कोठारी परिवार व गंगाशहर के पुगलिया, फौजराज बांठिया परिवार के सदस्यों के साथ अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने गणिवर्य को 'देव, गुरू व धर्म' के जयकारों के साथ भावभीनी विदाई दी।

मुरलीधर व्यास कॉलोनी के भंसाली निवासर पर वरिष्ठ श्रावक भूरचंद भंसाली, खरतरगच्छ युवक परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राजीव खजांची, रमेश संकलेचा बाड़मेर व कपिल भंसाली तथा परिवार की श्राविकाओं ने गंवली सजाकर गणिवर्य व मुनिवृंद का स्वागत वंदन किया।

सुराणा ने बताया जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिन मणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गणिवर्य व मुनि मंथन प्रभ सागर, गायक बाल मुनि मीत प्रभ सागर ने संबोधि चातुर्मास 2025 के लिए नगर प्रवेश 4 जुलाई 25 को किया था। गणिवर्य का चातुर्मास धर्म-आध्यात्मिक कार्यक्रमों से ऐतिहासिक रहा। गणिवर्य ने बीकानेर के इतिहास, कला व संस्कृति, जिनालय व अभिलेखागार के साथ जैन समाज के धरोहरों का अध्ययन कर लेखन कार्य किया। उनका क्षमा कल्याण महाराज पर शोध कार्य अनुकरणीय रहा। खरतरगच्छ युवक परिषद के मंत्री विक्रम भुगड़ी ने बताया कि साध्वी दीपमाला ने पन्द्रह वर्ष के बाद मुंबई की शंखनिधि श्रीजी का कुछ माह ढड्ढा चौक के इंद्रलोक में प्रवास रहेगा।

## डॉक्टरों ने कैंसर पर साझा किए नए अनुभव

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य तुलसी कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से शनिवार को रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट में हेमेटोलॉजी एवं बोनमैरो कान्क्लेव 2025 (थर्ड चैप्टर) का शुभारंभ हुआ। डॉ. पंकज टांटिया की अगुआई में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में सुबह 8 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ और 300 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पैथोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और ब्लड कैंसर के इलाज पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पैथोलॉजी और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन पर लेक्चर से हुई। जयपुर की डॉ. शशि बंसल ने बोनमैरो जांच को और बेहतर बनाने के तरीके बताए। जबकि ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रीतिका अग्रवाल ने नई सीबीसी मशीनों के पैरामीटर्स पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीबीएम हॉस्पिटल में इंस्टॉल नई मशीनों से बड़ी जांचों की जरूरत कम हो जायेगी और बीमारियां जल्दी पकड़ी जा सकेंगी।

मुख्य वक्ता मुंबई बॉम्बे हॉस्पिटल के विभागाध्यक्ष एवं मुंबई हेमेटोलॉजी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. एम.बी. अग्रवाल ने ब्लड कैंसर की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ब्लड कैंसर आज जानलेवा और आम हो गया है। इसे नियंत्रित करने के लिए जांच सुविधाएं बढ़ानी होंगी ताकि मरीज को जल्दी पता लगे और इलाज संभव हो। गुड़गांव फोर्टिस हॉस्पिटल के हेमेटोलॉजी एवं बीएमटी विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल भार्गव, जिनके पास 1200 से अधिक बोनमैरो ट्रांसप्लांट का अनुभव है, ने कहा कि ऐसे आयोजन डॉक्टरों को एक प्लेटफॉर्म देते हैं।

## स्थाई लोक अदालत करेगी समस्याओं का समाधान

**बीकानेर,** (कासं)। अब स्थाई लोक अदालत जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं का समाधान करेगी।

इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन करना होगा जिसका पैनल मौका मुआयना और छानबीन करने के बाद वाद पेश करेगा। जिस पर सुनवाई के बाद निर्णय लिया जायेगा। इससे सरकारी महकमों की लचर व्यवस्था पर शिकंजा कसेगा और आमजन की परेशानियां दूर होंगी।

आमजन की शिकायतें और विवाद लगातार बढ़ते जा रहे हैं और उनकी जायज समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसे देखते हुए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विशेष अभियान न्याय आपके द्वार - लोक उपयोगिता और समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान शुरू किया गया है जो 10 फरवरी, 2026 तक लगातार तीन महीने चलेगा।

इस अभियान में आमजन की बिजली, पानी, सड़क जैसी समस्याओं का समाधान होगा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने व्हाट्सअप नंबर 9119365734 जारी किए हैं। इन नंबर पर आमजन से आवेदन लिए जायेंगे। जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाया जायेगा।

प्राधिकरण का पैनल आवेदन में बताई गई समस्या के बारे में छानबीन करेगा और सही पाये जाने पर स्थाई लोक अदालत में वाद पेश किया जायेगा जिससे समाधान हो सके। पूरी प्रक्रिया के दौरान आमजन को विधिक सेवा निशुल्क मिलेगी।

## सार-समाचार

### बाल वाहिनियों में कमियां मिली



अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने शनिवार को स्कूलों में संचालित बाल वाहिनियों का पुनः औचक निरीक्षण किया। न्यायाधीश ने बताया कि यह अभियान का दूसरा दिन है। इस दौरान बाल वाहिनियों में पाई गई कमियों को अविलम्ब दूर करने के लिए वाहन चालकों को निर्देशित किया गया। शिवबाडी रोड स्थित एक निजी स्कूल के वाहनों में आपातकालीन निकास, प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यत्र, जीपीएस, ग्रिल व मेश नहीं लगे हुए थे। इसी दौरान महिला थाना रोड पर एक वाहन चालक द्वारा टैक्सी में बच्चों को गेट पर व पीछे की साइड में बिठाया हुआ था। सुरक्षा संबंधी कोई इंतजाम नहीं थे। ऐसे और भी कई बाल वाहन मिले, जिनमें निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को असुरक्षित रूप से बिठाया जा रहा है। इसके लिए उनसे समझाइश की गई। निरीक्षण के दौरान परिवहन निरीक्षक सुरेन्द्र बेनीवाल व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक



केन्द्रीय विद्यालय नं. 3 नाल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक को एयर कमोडोर अमित कुमार ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 3 नाल, बीकानेर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन हुई। बैठक की शुरूआत पीजीटी अंग्रेजी स्नेह मीणा द्वारा सभी समिति सदस्यों के औपचारिक स्वागत के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप सिंह राजपुरोहित ने समिति के अध्यक्ष एयर कमोडोर अमित कुमार बुधवार का गुलदस्ता प्रस्तुत कर स्वागत किया। विद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक एवं सारगर्भित चर्चा की गई। इस अवसर पर विजय शंकर आचार्य (से.नि.) संयुक्त निदेशक, शिक्षा कार्यालय बीकानेर सहित अन्य सदस्यों ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में प्राप्त उत्कृष्ट सफलताओं की सराहना की। उन्होंने विद्यालय परिवार के सतत प्रयासों और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रजाई की दुकान में आग लगी

**अनूपगढ़,** (कासं)। नई धान मंडी स्थित लक्ष्मी रजाई गद्दा हाउस में दोपहर करीब 3:15 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड, पुलिस और व्यापार मंडल की टीम मौके पर पहुंची और लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान के मालिक सुमित राय ने बताया कि वह दोपहर में अपने बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने गए थे। उस समय दुकान पर चार कर्मचारी काम कर रहे थे। कुछ देर बाद एक कर्मचारी ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सुमित राय जब मौके पर पहुंचे, तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। आग बुझाने के लिए स्थानीय लोगों ने भी अपने स्तर पर प्रयास किए लेकिन आग लगातार फैलती गई। सुमित राय ने तुरंत फायर ब्रिगेड, पुलिस और अनूपगढ़ व्यापार मंडल को सूचना दी। सबसे पहले व्यापार मंडल से पानी का टैंकर मौके पर पहुंचा, जिसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। दुकान के मालिक ने बताया कि आगजनी में उनकी दुकान में रखी रजाई बनाने की तीन मशीनें, रूई और अन्य कच्चा माल जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक अनुमान के अनुसार इस घटना में लगभग 12 से 15 लाख रूपए का नुकसान हुआ है।

### बीडीओ को क्लीनचिट दी

**अनूपगढ़,** (कासं)। पंचायत समिति में विकास अधिकारी विनोद कुमार के निलंबन की मांग को लेकर 32 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों का धरना नौ दिन से जारी है। इस बीच मामले की जांच कर रही टीम ने अपनी रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंप दी है, जिसमें बीडीओ को क्लीन चिट दी गई है। दो प्रशासक पिछले तीन दिन से अनशन पर हैं। जांच कमेटी ने 7 नवम्बर को बीडीओ विनोद रैगर पर लगे महिला कार्मिक को एसीईओ कार्यालय में बंद करने के आरोपों को निराधार पाया है। कलेक्टर की ओर से गठित इस कमेटी ने बीडीओ विनोद रैगर को निर्दोष करार दिया है। अनूपगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत प्रशासकों ने बीडीओ पर एसीईओ कार्यालय में एक महिला कार्मिक को ताले में बंद कर भागने का आरोप लगाया था। हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीएम ने बंद कमरे का ताला खुलवाकर महिला कार्मिक को बाहर निकाला था। इसके बाद प्रशासकों ने बीडीओ के निलंबन की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया था। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम सूरतगढ़ और एसीईओ जिला परिषद श्रीगंगानगर को शामिल कर एक जांच कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने अब अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है, जिसमें बीडीओ को निर्दोष माना गया है। जांच रिपोर्ट में महिला कार्मिक का प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) रद्द करने की भी सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में 54 जीबी ग्राम पंचायत प्रशासक के खिलाफ की गई कार्रवाई को विकास अधिकारी और प्रशासकों के बीच विवाद का मुख्य कारण माना गया है। विकास अधिकारी ने 54 जीबी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की शिकायत पर पांच साल में हुए विकास कार्यों और सरकारी स्थायी संपत्ति के खुर्दबुर्द करने के मामले की जांच की थी। इस जांच में प्रशासक और ग्राम विकास अधिकारी को दोषी मानते हुए 5,69,660 रूपए की वसूली प्रस्तावित की गई थी। साथ ही प्रशासक को पद से हटाने के संबंध में उच्चाधिकारियों को लिखा गया था।

### हस्तकला, पाक कला प्रतियोगिता

**नोखा,** (कासं)। सावित्री देवी गट्टानी बालिका आदर्श विद्या मंदिर नोखा में शनिवार को हस्तकला और पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के शनिवारीय कार्यक्रम के तहत हुआ। पाक कला प्रतियोगिता में छात्राओं ने बिना गैस का उपयोग किए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किए।

# शराब के लिए रूपए नहीं देने पर बेटे ने की मां की हत्या

- शराबी बेटे ने लाठी-डंडों से पीटकर की हत्या, मां के शव को नहर में फेंककर हुआ फरार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। एक बेटे ने अपनी मां का मर्डर कर शव को नहर में फेंक दिया। मां की हत्या के बाद बेटा मौके से फरार हो गया।

मामला जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के कीकरवाली गांव का है। नशे में आरोपी बेटे महेन्द्रपाल (35) ने अपनी ही मां द्रोपती देवी (55) की हत्या की थी। मां का शव 20 किलोमीटर दूर एमएमके नहर में मिला। प्रांरभिक जानकारी में सामने आया कि आरोपी बेटे ने शराब के लिए मां से रूपए मांगे थे। इस पर मां ने रूपए देने से मना कर दिया। इसी से वह गुस्सा हो गया और मां की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के घर को अपने कब्जे में लेकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी में सामने आया कि आरोपी बेटे की मां द्रोपती देवी मजदूरी करके मुश्किल से पैसे कमाती थी। महेन्द्रपाल भी मजदूरी करता था मगर वह अपने सारे पैसे शराब और जुए में उड़ा देता था। इसके बाद वह मां से पैसों के लिए मारपीट करता था।

द्रोपती देवी ने अपनी छोटी बहन सरोज को फोन कर बताया था कि महेंद्र उससे झगड़ा कर मारपीट कर रहा है। सरोज ने पुलिस को बताया कि जब उसकी बहन ने फोन किया तो उसकी चीखें लगातार सुनाई दे रही थी। द्रोपती देवी घरेलू हिंसा के कारण हर बार पैसे दे देती थी। मगर इस बार पैसे देने से मना करने पर बेटे ने नशे और गुस्से में आकर मां की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

सुबह महिला के भाई मदनलाल (निवासी वार्ड-33, हनुमानगढ़ टाउन) को घटना का पता चला। उन्होंने तुरंत संगरिया थाने में भांजे महेन्द्रपाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया। महेन्द्रपाल नशे का आदी था और मजदूरी करता था। द्रोपती देवी का एक बेटा पहले ही गुजर चुका था। इसलिए वह अकेले इसी बेटे के साथ रहती थी। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि महेन्द्रपाल ने अपनी मां द्रोपती देवी पर लाठी से बेरहमी से हमला किया जिससे उनकी जान चली गई। महिला के शरीर पर गहरी चोटों के निशान मिले है। हत्या के बाद महेन्द्रपाल ने रात में शव को एमएमके नहर में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। महिला का शव सादुलशहर क्षेत्र के खाराचक गांव में नहर से करीब 20 किलोमीटर दूर बरामद हुआ है।

## बोलेरो से 180 किलो डोडा पोस्त पकड़ा

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 180 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। यह कार्रवाई डीएसटी की सूचना पर की गई।

पुलिस ने रोड़ा गांव के पास एक खाली जमीन पर लावारिस खड़ी एक बोलेरो गाड़ी से यह मादक पदार्थ जब्त किया। बोलेरो में 9 कट्टों में डोडा पोस्त भरा हुआ था। बताया जा रहा है कि गाड़ी का टायर पंचर होने के कारण वह सुनसान जगह पर खड़ी थी। वहां पर कोई नहीं मिला। बीकानेर जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह के निर्देश पर नोखा सीआई अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

डीएसटी से मिली विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने लावारिस बोलेरो को जब्त कर नोखा थाने ले आई है व मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पांचू सीआई राजीव रॉयल करेंगे।

# बैंक का स्ट्रांग रूम नहीं खुला तो बंदूक ले गए

- बज्जू थाना क्षेत्र में बीकमपुर ब्रांच एसबीआई बैंक में ताला तोड़ घुसे चोर, बंदूक व 27 कारतूस भी ले गए

**बीकानेर,** (कासं)। देर रात एक चोर ने एसबीआई बैंक से बंदूक और कारतूस चोरी कर ले गया। मामला बज्जू थाना क्षेत्र बीकमपुर ब्रांच का है।

जानकारी में सामने आया कि चोर रूपए चोरी करने आया था। लेकिन जब वो रूपए नहीं ले जा सका तो यहां रखी 12 बोर की बंदूक और 27 कारतूस चोरी कर ले गए। वारदात के बाद ब्रांच मैनेजर शिवा पांडे की ओर से बज्जू थाना में मामला भी दर्ज करवाया गया है। वहीं इस पूरी घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। ब्रांच मैनेजर की ओर से दी रिपोर्ट में बताया कि चोर ब्रांच के पीछे की तरफ से आए थे। इसके बाद उन्होंने ब्रांच के बाहर लगे ग्रिल गेट और शटर को तोड़ा और अंदर घुसे।

इसके बाद चोर कैश रूम की तरफ गया। यहां कैश रूम का ग्रिल तोड़ अंदर घुसे। इसके बाद स्ट्रांग रूम खोलने का प्रयास किया लेकिन वे रूपए चोरी नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि बैंक में घुसने के बाद चोर ने अंदर लगाये कैमरों को भी बंद कर दिया। जब वे रूपए चोरी नहीं कर पाए तो स्ट्रांग रूम में रखी बंदूक और कारतूस चोरी कर ले गया। ब्रांच मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसकी जांच एसआई मनीराम गोदारा को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# होद में डूबने से महिला की मौत

- मृतका की पहचान संतोष कंवर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चूरू जिले के सांडवा थाना क्षेत्र के गांव ईयारा की निवासी थी

**नोखा,** (कासं)। पानी के होद में गिरने से शुक्रवार को 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 6 बजे वार्ड नंबर 43 स्थित तेजाजी मंदिर के पास हुई। मृतका की पहचान संतोष कंवर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चूरू जिले के सांडवा थाना क्षेत्र के गांव ईयारा की निवासी थी।

मृतका के पति खींवसिंह राजपूत, जो सेना से सेवानिवत हैं ने नोखा थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि संतोष कंवर सुबह घर में बने पानी के होद से पानी निकाल रही थीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे होद में गिर गई, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई।

खीवसिंह और उनकी पुत्रवधू जब सुबह जागे तो संतोष कंवर घर में नहीं मिली। तलाश करने पर उन्होंने पानी के होद के पास उनकी चप्पलें देखीं और होद का ढक्कन खुला पाया। होद के अंदर देखने पर संतोष कंवर पानी में डूबी हुई मिली। साथ ही बाल्टी भी पानी में डूबी हुई थी। खीवसिंह ने तुरंत कन्हैयालाल ब्राह्मण की मदद से संतोष कंवर को होद से बाहर निकाला।

## मृत सांड के शव को खेत में फेंकने से रोष

**नोखा,** (कासं)। नोखा में भारत माला परियोजना के तहत निर्मित नेशनल हाईवे एनएच 754 ए के चेनेज नंबर 11 प्लस 150 पर एक सांड की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मृत सांड के शव को खेत में फेंकने से ग्रामीणों में रोष है।

ग्रामीण बजरंग लाल उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कर्मचारियों ने मृत सांड को पास ही स्थित देसलसर के एक के खेत में फेंक दिया।

इससे वहां दुर्गन्ध फैल रही है। एनएचएआई कर्मचारियों की इस लापरवाही से क्षेत्र में भारी विरोध हो रहा है। संबंधित खेत के किसान और आसपास के ग्रामीण इस घटना से आक्रोशित हैं।

# हवा का एक्यूआई 196 पहुंचा, मास्क पहनने की सलाह दी

- एक्यूआई में बढ़ोतरी के मुख्य कारण है आसपास की फैक्ट्रियों का धुआं, वाहनों का प्रदूषण, दीपावली के बाद बढ़ा धुआं और मौसम में ठंडक, जिससे प्रदूषक जमीन के पास जम जाते हैं

**बीकानेर,** (कासं)। सर्दी लगातार तेज होती जा रही है। पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है। वहीं हवा की गुणवत्ता भी खराब श्रेणी में पहुंच गई है।

मौसम में बढ़ती ठंड और खराब होती वायु-गुणवत्ता ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। बीकानेर में पिछले सात दिनों से अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम 13 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा है। बीती रात पारा गिरकर 12.8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार नवम्बर के तीसरे और चौथे सप्ताह में यह 10 डिग्री या उससे नीचे जा सकता है। रात से सुबह 8-9 बजे तक सर्दी सबसे ज्यादा महसूस की जा रही है। दोपहर में तापमान फिर से बढ़कर 30 डिग्री तक पहुंच जाता है, जिससे दिन गर्म और रातें ठंडी हो रही हैं। बीकानेर में वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। शुक्रवार को एक्यूआई 196 दर्ज हुआ, जबकि गुरूवार को यह 142 था। दीपावली के बाद से एक्यूआई लगातार खराब श्रेणी में बना हुआ है और त्यौहार वाले दिन यह 250 से ऊपर चला गया था। बच्चों, बुजुर्गों और सांस-दिल के मरीजों को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए और हल्की गतिविधियों में भी मास्क पहनने की सलाह दी गई है। एक्यूआई में बढ़ोतरी के मुख्य कारण है आसपास की फैक्ट्रियों का धुआं, वाहनों का प्रदूषण, दीपावली के बाद बढ़ा धुआं और मौसम में ठंडक, जिससे प्रदूषक जमीन के पास जम जाते हैं। माना जा रहा है कि इन वजहों से शहर में हवा लगातार बिगड़ रही है।

# श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी व कलेक्टर और एडीएम में बहस

- रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में गंगासिंह चौक पर विधायक 10:35 बजे पहुंच गए थे लेकिन जब उन्हें यहां कलेक्टर डॉ. मंजू और एडीएम सुभाषचंद्र नहीं दिखे तो नाराज हो गए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधायक जयदीप बिहाणी कलेक्टर डॉ. मंजू और एडीएम सुभाषचंद्र पर भड़क गए। एडीएम से बोले घर जाओ, निकलो यहां से घर क्यों नहीं जायेगा। तेरी औकात है क्या, जो मेरे को कह दे कि यहां नहीं रहना चाहता। इसके बाद बिहाणी कलेक्टर से भी उलझ गए। बोले एमएलए क्या होता है समझ लेना। प्रोटोकॉल में आपका सीएस भी खड़ा होता है मेरे सामने।

मामला श्रीगंगानगर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का है। कार्यक्रम सुबह 10.15 बजे का था। आयोजन स्थल नगर परिषद के पास गंगासिंह चौक पर विधायक 10:35 बजे पहुंच गए थे। लेकिन जब उन्हें यहां कलेक्टर डॉ. मंजू और एडीएम सुभाषचंद्र नहीं दिखे तो नाराज हो गए। हालांकि अधिकारियों का दावा था कि वे कार्यक्रम स्थल पर पहले से मौजूद थे। विवाद इतना बढ़ा कि बिहाणी ने जब एडीएम से जाने को कहा तो वे बोले- मैं यहां रहना चाहता भी नहीं हूं। मेरा ट्रांसफर कर दो।

पूरे मामले का 2 मिनट 3 सैकंड का वीडियो भी सामने आया है। इसमें कलेक्टर, एडीएम और विधायक के बीच की बहस है। कार्यक्रम के बाद विधायक ने मीडिया से कहा कि मैं सड़क छाप राजनीतिज्ञ नहीं हूं। राजनीति मेरा शौक है, मेरा पेशा नहीं है। पेशेवर राजनीतिज्ञ इनके चाटुकार होंगे। मुझे जनता की सेवा के लिए चुना गया है। दो साल में जो भी काम करवाए हैं, वह जनता के लिए करवाए हैं। जनता के लिए मैं बोलूंगा।

इसके बाद कलेक्टर ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो बिहाणी ने कहा कि मैडम में सवा 10 बजे आया हूं। मैं ये बात नहीं कह रहा, ये एडीएम कह रहा है कि मैं यहां नहीं रहता चाहता। किससे परेशान है, ये बताएं। मामले को लेकर विधायक बिहाणी ने कहा कि आज दो कार्यक्रम थे। महाराज गंगासिंह चौक से होने वाला कार्यक्रम प्रशासन की ओर से था। सवा 10 बजे का समय था और मैं 10:30 बजे वहां पहुंचा। उस समय तक कोई अधिकारी वहां नहीं था।

सरदार पटेल और मंच के पास भी कोई नहीं था। मैं वहां गया मैंने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी। इस दौरान बच्चे भी थे और वे परेशान भी हो रहे थे। इसी दौरान एडीएम सुभाषचंद्र भी वहां आ गए। मैंने एडीएम से पूछा कि प्रोटोकॉल नाम की भी कोई चीज होती होगी। इस पर एडीएम ने कहा कि साहब मैं तो यहां से दुखी हो गया, मेरा ट्रांसफर करवा दो। मैंने कहा मैं क्यों ट्रांसफर करवा दूं। आप खुद लिखकर दे दो और ट्रांसफर ले लो कि मैं गंगानगर नहीं रहना चाहता। इस बात को लेकर एडीएम ने बहस की। वीडियो बना रहे लोगों से कहा कि जाओ यहां से बंद करो, निकलो अपने घर।

बिहाणी ने बताया कि तब कलेक्टर आई और बोली कि मैं आधे घंटे से यहां थी। यदि वे वहां पर थी तो सीसीटीवी चैक करें कि वे कहां पर थी और कहां नहीं। जब ये प्रशासनिक कार्यक्रम है तो ये सरदार पटेल का अपमान है कि अधिकारी केवल फॉर्मेल्टी पूरी कर रही है। बिहाणी ने कलेक्टर से ये ही पूछा कि एडीएम किस बात से दुखी है। इस पर कलेक्टर ने मुझे कहा कि हाथ नीचे रखकर बात कीजिए। सभी को पता है कि कलेक्टर कितनी सभ्यता से बात करती हैं। मीडिया वाले भी कलेक्टर ऑफिस में जाने से डरते हैं। बिहाणी ने कलेक्टर कहा कि आप प्रोटोकॉल भूल गए हैं, क्या याद दिलवाना पड़ेगा।

विधायक बोले कि मुझे लगता है कि जिला प्रशासन के अधिकारी भाजपा के कार्यकर्ताओं से तमीज से पेश नहीं आते। ये पार्टी को नुकसान करने आए हैं या जनता की सेवा करने आए हैं, ये अभी तक समझ नहीं आई। कलेक्टर के बारे में इनके अधिकारी से जानकारी लेंगे तो पता चल जायेगा।

## पाठ्य सामग्री व स्वेटर वितरित

**नोखा,** (कासं)। इंदिरा कॉलोनी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सरस्वती संस्कार केन्द्र में अनुभूति सेवा संस्थान नोखा की ओर से बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 32 बालक-बालिकाओं को गर्म स्वेटर, पाठ्य सामग्री, थैले, जूते-जुराब और फल-मिठाई वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित किए बिना हम एक विकसित राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकते। उन्होंने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

संस्थान की सदस्या जयश्री भूरा ने कहा कि एक शिक्षित बालिका देश व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसलिए उनका शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। संस्थान की सदस्या जयश्री भूरा ने बताया कि समाजसेविका सरोज मरोठी की प्रेरणा से यह सामग्री वितरित की गई।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.11.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 के किला नं. 6, 15 में भूखण्ड माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या 06, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 8403 दिनांक 24.12.2009 को श्री भागीरथ गुप्ता पुत्र स्व. श्री राम कुमार गुप्ता के नाम से जारी किया हुआ है। श्री दक्ष जिंदल पुत्र श्री राकेश जिंदल निवासी मन. 15 माया विहार, नजदीक सेक्रेड हार्ट स्कूल, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 04.08.2025 को क्रय कर, स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 18489767 **- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

